लंका में मचाने हाहाकार राम जी सेना चली

राम जी की बोल जय जयकार राम जी की सेना चली,
राम जी की सेना चली राम जी की सेना चली,
देखो लंका में मचाने हाहाकार राम जी सेना चली,

क्या वानर क्या भालू सारे चल पड़े सभी बोल जयकारे,
दुष्टो की लगाने को मार राम जी की सेना चली,
लंका में मचाने हाहाकार राम जी सेना चली,

देखो उठा ली बड़ी शिलाये नल और नीर के पास पहुंचाये,
सेतु बनाने विशाल राम जी की सेना चली,
लंका में मचाने हाहाकार राम जी सेना चली,

सेतु पार तट पहुँचे सारे रावण को सारे ललकारे,
दुष्टो का करने संगार राम जी की सेना चली,
लंका में मचाने हाहाकार राम जी सेना चली,

अंगद ने सन्देश सुनाया रावण के मन को न भाया,
करने लड़ाई आर पार राम जी की सेना चली,
लंका में मचाने हाहाकार राम जी सेना चली,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10308/title/lanka-me-machaane-hahakaar-ram-ji-ki-sena-chali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |